Chapter – 12

How to Shut Company in Tally (टैली में कंपनी को कैसे बंद करे)

आइये इस पोस्ट में हम जानेगे की टैली में कंपनी को कैसे बंद(shut)करे या कैसे अनलोड करे ।

How to Shut Company in Tally (टैली में कंपनी को कैसे बंद करे)

किसी कंपनी को Shut करना कंपनी को सिलेक्ट करने की विपरीत प्रकिया है, अर्थात Shut Company में कंपनी को मेमोरी से अनलोड किया जाता है। इसका यह अर्थ नहीं है कि कंपनी डिलीट कर रहे हैँ। हम कंपनी को सिर्फ कुछ समय के लिए बंद करते है।

कंपनी को शट करने के लिए F1:Shut Cmp या (Alt+F1) बटन को क्लिक करे जिससे Company Info मेन्यू ओपन होगा

इस मेनू में Shut Company विकल्प को सिलेक्ट कर Enter दबाएँ जिससे निम्नानुसार स्क्रीन डिस्प्ले होगी,

अब हम लिस्ट में से उस कंपनी को सिलेक्ट करेगे जिसे हम क्लोज करना चाहते है तथा enter key को दबाएँगे। यह कंपनी के डेटा को मेमोरी से हटा देगा और इसी वजह से वह कंपनी, गेटवे पर List of Selected Companies के अंतर्गत दिखाई नहीं देगी।